विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्रमाँक / गोपनीय / प्रायोगिक प. / 2022 / 10448 दिनांक 25 / 5 / 2022

प्रति,

प्राचार्य / निदेशक,
समस्त सम्बध्द महाविद्यालय,
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ।

विषयः– **नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वार्षिक पद्धति स्नातक प्रथम वर्ष सत्र–2021–22 की प्रोजेक्ट कार्य / इंटर्नशिप एवं इलेक्टिव विषयों की मौखिक परीक्षाऐं आयोजित कर अंक प्रेषित करने संबंधी ।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय पर निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. भोपाल के पत्र कमांक 72 / 188 / सीसी / 21 / अडतीस दिनांक 02 / 02 / 2022 के अनुसार सभी महाविद्यालय में स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के प्रोजेक्ट कार्य / इंटर्नशिप एवं इलेक्टिव विषय की मौखिक परीक्षा संपन्न की जाना है ।

परियोजना (प्रोजेक्ट) कार्य / इंटर्नशिप एवं इलेक्टिव विषय की मौखिक परीक्षा सभी संकायों के सभी विषय के लिये होगा जिसमें सभी विषयों के लिये बाह्य परीक्षक नियुक्त करना होंगे ।

1.स्नातक स्तर परसमस्त विषयों में प्रोजेक्ट कार्य / इंटर्नशिप एवं इलेक्टिव विषय की मौखिक परीक्षा कार्य उसी विषय के पाँच वर्ष के अनुभव वाले विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन से संबंद्ध अन्य शासकीय / महाविद्यालयों के शिक्षकों को / कालेज कोड़ 28 / सेवानिवृत हो, को परिनियम 29 के प्रावधान अनुसार आमंत्रित कर परीक्षा कार्य संपन्न कराया जाना है । प्राचार्य / प्राचार्या स्वयं के महाविद्यालय के कार्यरत शिक्षक को बाह्य परीक्षक के रूप में नियुक्त नहीं कर सकते ।

2. उपरोक्त हेतु परिनियम 29 के प्रावधानों के तहत बाह्य परीक्षक नियुक्त करने के लिये महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को अधिकृत किया जाता है । कृपया उक्त कार्यवाही संपन्न कर जिन बाह्य परीक्षकों से प्रोजेक्ट / इंटर्नशिप एवं इलेक्टिव विषय की मौखिक परीक्षा का कार्य संपादन कराया गया है उनके नाम पद व महाविद्यालय का नाम आदि की सूची विश्वविद्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित की जाये ।

कृपया सीसीई एवं प्रोजेक्ट कार्य / इंटर्नशिप तथा इलेक्टिव विषय की मौखिक परीक्षा के अंक कक्षावार / विषयवार अलग–अलग अंकतालिका (पर्ण / प्रतिपर्ण) में अनुक्रमांक सहित परीक्षा प्रारंभ होने से सात दिन पूर्व तक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से भेजे जावे एवं एक प्रति हाडकॉपी कम्प्यूटर सेंटर , विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक / गोपनीय / प्रायोगिक प. / 2022 / 10449 दिनांक–25-5-22

प्रतिलिपि–

1. अतिरिक्त संचालक, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग, उज्जैन ।
2. कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. उपकुलसचिव, परीक्षा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. ऑनलाईन प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर प्रायोगिक परीक्षा के अंक प्रविष्ठी हेतु लिंक ओपन करने हेतु सुचनार्थ प्रेषित ।
4. कम्प्युटर सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त सूचना को वि0वि0 की बेवसाईड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।
5. समस्त प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय की और इस आशय के साथ कि जिले के संबंधित महाविद्यालयों को अवगत करावें ।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)